





## एक नजर में

### राज्य सूचना आयुक्त डॉ. पचोरी 5 दिसंबर को खंडवा आएंगे

**लंबित शिकायतों व द्वितीय अपील प्रकरणों का निराकरण करेंगे**

**खण्डवा।** मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग के राज्य सूचना आयुक्त डॉ. उमाशंकर पचोरी आगामी 5 दिसम्बर को खण्डवा आएंगे। डॉ. पचोरी इस दौरान खण्डवा जिले में लंबित द्वितीय अपील प्रकरणों के निराकरण के सम्बंध में आने वाली कठिनाइयों पर संबंधित विभाग की प्रथम अपीलीय अधिकारियों और लोक सूचना अधिकारियों के साथ पारस्परिक विचार-विमर्श करेंगे और खण्डवा में आयोजित शिविर में आयोग की लंबित द्वितीय अपील और शिकायतों का निराकरण करेंगे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी लोक सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 5 दिसम्बर को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनिवार्यत: उपस्थित रहकर अपील निराकरण की कार्यवाही में शामिल हों।

### चायनीज मांझे के क्रय-विक्रय व उपयोग पर प्रतिबंध लगा

**खण्डवा।** पतंगबाजी में उपयोग होने वाले चायनीज मांझे के धागे के उपयोग से पक्षियों व नागरिकों को हानि पहुंचने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खंडवा जिले में चायनीज मांझे के क्रय विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह प्रतिबंध 1 दिसंबर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक लागू रहेगा। जारी आदेश अनुसार सामान्य धागे में सरेस, कांच व अन्य धारदार वस्तुओं के मिश्रण से निर्मित धागे का प्रयोग कर पतंगबाजी किये जाने को भी प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही अब कोई भी व्यक्ति मछली पकड़ने के उपयोग में आने वाले पक्के धागे का उपयोग भी पतंगबाजी के लिए नहीं कर सकेगा। इस प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 के अंतर्गत दण्डनीय होगा।



### स्कूल में जल संरक्षण विषय पर कार्यशाला



**खंडवा।** सोफिया कॉन्वेंट स्कूल खंडवा में मंगलवार को जल संरक्षण विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, स्कूल के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने उपस्थित सभी अभिभावकों को अपने-अपने घरों की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि पानी की बढ़ती आवश्यकता के कारण भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। पानी को बचाना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में मिशन अमृत संचय अभियान के तहत इन दिनों नदी नालों पर बोरीबंधान संरचनाए निर्मित की जा रही हैं, जिससे बहते हुए पानी को रोककर आसपास के जल स्रोतों का जलस्तर बढ़ाया जा सकता है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि जिला प्रशासन ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों के आवास भवनों एवं अन्य सभी भवनों की पक्की छतों पर रूफ़ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने का निर्णय लिया है, ताकि वर्षा के पानी की एक भी बूंद व्यर्थ बहकर ना जाए और वर्षा का पूरा पानी जमीन में ही समा जाए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी, स्कूल की प्राचार्य सिस्टर सेलिन लासराडो, उप प्रधानाचार्य सिस्टर नवीन तथा अन्य शिक्षक शिक्षिका भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपस्थित सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों और शिक्षकों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

### मारपीट करने वालों को 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित

**खंडवा।** घर में घुसकर तलवार से मारपीट करने वाले आरोपीगण को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला खण्डवा की न्यायालय द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपीगण रईस पिता रफीक, उम्र 28 वर्ष एवं आरोपी इरशाद पिता रफीक, उम्र-20 वर्ष, दोनों निवासी पेठिया दोनों आरोपीगण को धारा 452 भादवि में 01-01 सश्रम कारावास एवं 500-500/- रूपए अर्थदण्ड, धारा 324 भादवि में 06-06 माह का सश्रम कारावास एवं 1500-1500/-रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी सहा. जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती रूपेश्वरी शेन्द्रे द्वारा की गई। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके ए.डी.पी.ओ. द्वारा बताया गया कि, फरियादी दीपक द्वारा सिटी कोतवाली में इस आशय की रिपोर्ट लेखबद्ध कराई गई कि घटना दिनांक 05.03.2020 को रात्रि लगभग 10:00 बजे वह ग्राम रूंधी स्थित उसके घर के आगे वाले कमरे में सो रहा था तभी कुत्ते की भोंकने की आवाज आने पर उसकी नींद खुली तो उसके घर के अंदर दो व्यक्ति उनकी मोटरसाईकिल को बाहर खड़ा करके हाथ में तलवार लेकर आये, जिन्हें बल्व के उजाले में देखा तो ग्राम पेठिया के ईरशाद और रईस थे, जो बिना कारण से अभियुक्त रईस ने उसे तलवार से बाये तरफ सिर में कान के उपर मारा फरियादी चिल्लाया तो आवाज सुनकर उसकी मां सुधाबाई एंव पिता राजुकमार आये और उनके साथ भी अभियुक्तगण ने तलवार से मारपीट की, जिससे सुधाबाई को कपाल में तथा राजकुमार को सिर में चोट आई थी। घटना का बीच-बचाव गांव के लोगों ने किया। फरियादी दीपक की उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध पुलिस थाना सिटी कोतवाली खण्डवा में अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### जच्चा बच्चा स्वस्थ होकर घर पहुंचे परिवारजनों ने डॉक्टर्स का आभार प्रकट किया

**खण्डवा।** गत दिनों सनावद निवासी 31 वर्षीय श्रद्धा पति अजीत अपने परिजनों के साथ मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल खण्डवा में प्रसव के लिए भर्ती हुई, जहां स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. महिमा ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। चूंकि श्रद्धा को पहला प्रसव भी सिजेरियन ऑपरेशन से हुआ था, और इस दूसरे प्रसव में भी आवल पहले होने के कारण श्रद्धा को अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था। उसका हीमोग्लोबिन मात्र 7 ग्राम रह गया था। मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. भारती, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा पवार एवं डॉ. लक्ष्मी डूडवे व उनकी टीम ने ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा पवार ने बताया कि श्रद्धा को आई. वी. इंजेक्शन व 3 बोतल खून चढ़ाकर ऑपरेशन किया। डॉक्टर्स की टीम ने तुरंत बच्चेदानी का ऑपरेशन कर जच्चा बच्चा दोनों की जान बचाई। श्रद्धा को ऑपरेशन के बाद इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया और वेंटिलेटर पर रखकर चिकित्सक एवं स्टॉफ की निगरानी में उसका उपचार किया गया। श्रद्धा के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे में सुधार होने लगा। कुछ दिन बाद जब श्रद्धा पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हो गई, तो उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

अजीत ने बताया कि जब वह अपनी पत्नी श्रद्धा को लेकर जिला अस्पताल आए थे, उस समय उसकी हालत बहुत गंभीर थी, और बचने की बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। अजीत ने बताया कि जिला अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने मेरी पत्नी श्रद्धा का समय पर अच्छा इलाज किया एवं खून की बोतल चढ़ाई जिसकी वजह से उसकी जान बच सकी। उसके लिए वह डॉक्टर्स की पूरी टीम का बार बार आभार प्रकट करता है। श्रद्धा और उसके परिवारजन अब बहुत खुश हैं।

# पंधाना में 5 सड़कों के साथ दीवाल बाईपास स्वीकृत

**नवभारत न्यूज**

**पंधाना, प्रदीप मालवीय।** मोहन यादव की कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास कार्यों के लिए 500 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। इसी राशि के कुछ हिस्से से पंधान क्षेत्र की 5 सड़कें और दीवाल बाईपास के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है।

जिससे पंधाना क्षेत्र में सड़क अच्छी बने, जिससे क्षेत्र की जनता का आवागमन सुगम हो सके। पंधाना विधायक छाया मोरे ने मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को सड़कों के लिए मांग पत्र दिए गए थे। द्वितीय अनुपूरक बजट 2025-26 में पंधाना विधानसभा को लंबे समय बाद इतनी सड़कें एक साथ मिली हैं। पंधाना क्षेत्र के दीवाल गांव में संकरे मार्ग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और यातायात समस्या को देखते हुए, गांव के बाहर से बाईपास रोड निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। यह बाईपास 4 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत देगा।

## पहले भी मिल चुकी हैं बड़ी सौगातें

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विधायक छाया मोरै के प्रयासों से कुछ ही दिनों पहले खंडवा-पंधाना मुख्य मार्ग के लिए 52.48 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। इसके साथ ही तीन अन्य सड़कों का भूमिपूजन भी लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ था। इससे स्पष्ट है कि पंधाना क्षेत्र में सड़क विकास को राज्य सरकार और विभाग प्राथमिकता दे रहे हैं।

## ये चार सड़कें भी स्वीकृत

अनुपूरक बजट में पंधाना के लिए कुल पाँच महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति मिली है, जिसमें बरुड़- बिलनखेड़ा-छिरवेल मार्ग — 1 करोड़। पिपलोद-लालमाटी रोड — 1.40 करोड़। बड़ोदा अहीर-दीवाल मार्ग — 1.65 करोड़। टेमी-खिड़गांव मार्ग — 1.80 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। इन मार्गों के निर्माण एवं उन्नयन से कृषि परिवहन, स्कूल आवागमन और ग्रामीण संपर्क में बड़ा सुधार आएगा।





# गीता जयंती महोत्सव के तहत एस.एन. कॉलेज में कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोमपाल सिंह ने गीता जयंती महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी जिज्ञासु बनें, अपनी जिज्ञासा शिक्षकों के समक्ष रखें। गीता का अध्ययन करें क्योंकि श्रीमद्भगवद्गीता वेद, पुराण, उपनिषद, प्रस्थान त्रयी, षट् दर्शन, स्मृति ग्रंथ आदि सहित समस्त शास्त्रों का सार है।

कार्यक्रम में संस्कृत भारती के विभाग संयोजक कौशल मेहरा ने प्रेरणा गीत का गायन कर गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में श्रीमद्भगवतद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ डॉ. भारती पाराशर एवं कौशल मेहरा के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में आभार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ अर्चना मोरे ने व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष तिवारी ने किया।



इस अवसर पर डॉ. कुलदीप सिंह फरे सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# जिए सिंध सेवा संगम और जय भोलेनाथ ग्रुप ने आशा धाम आश्रम में बुजुर्गों के जीवन में घोली गर्माहट और स्नेह

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। मानवीय सेवा और परोपकार की भावना को चरितार्थ करते हुए, जय भोले ग्रुप के संस्थापक मनोहर श्याम नानी जी ने कहा जिए सिंध सेवा संगम और जय भोलेनाथ ग्रुप ने कड़ाके की ठंड के बीच आशा धाम आश्रम में एक हृदयस्पर्शी सेवा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस संयुक्त पहल का उद्देश्य आश्रम के निराश्रित और ज़रूरतमंद बुज़ुर्गों को ठिठुरती सर्दी से राहत दिलाना और उनके प्रति सामाजिक सम्मान व्यक्त करना था।**

## गरिमा और सम्मान के साथ वितरण

जिए सिंध सेवा संगम की राष्ट्रीय अध्यक्ष संजना खत्री ने बताया इस विशेष वितरण समारोह के दौरान, दोनों संस्थाओं के स्वयंसेवकों ने बुज़ुर्गों को व्यक्तिगत रूप से उच्च गुणवत्ता के गर्म कंबल, ऊनी मफलर और टोपे भेंट किए। वितरण सामग्री में केवल गर्म कपड़े ही नहीं, बल्कि पोषण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक खाद्य अनाज और दैनिक उपयोग हेतु साफ कपड़े भी शामिल थे। यह पूरा कार्यक्रम अत्यंत सम्मान और आत्मीयता के माहौल में संपन्न हुआ।

## मुस्कान भरा स्वल्पाहार

प्रदेश अध्यक्ष पायल गोलानी ने कहा गर्म वस्त्रों के वितरण के बाद, आश्रम के सभी बुज़ुर्गों के लिए विशेष रूप से स्वल्पाहार (जलपान) की व्यवस्था की गई। इस दौरान, संस्था के सदस्यों ने बुज़ुर्गों के साथ कुछ समय बिताया, उनकी कुशलता पूछी और उन्हें स्नेहपूर्ण सान्त्वना दी।

## संस्थाओं का सेवा संकल्प

इस अवसर पर, जिए सिंध सेवा संगम और जय भोलेनाथ ग्रुप के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बुज़ुर्ग हमारे समाज की नींव और अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा, हमारी संस्था का संकल्प है कि कोई भी बुज़ुर्ग इस भीषण ठंड में स्वयं को अकेला या उपेक्षित महसूस न करे। यह वितरण केवल सामग्री नहीं, बल्कि उनके प्रति हमारे स्नेह और आभार का प्रतीक है।

## आश्रम प्रबंधन ने जताया आभार

आशा धाम आश्रम के प्रबंधक सिस्टर एरिना, मेनेजर सुनील गुप्ता ने दोनों संस्थाओं के इस पुनीत कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब सहायता की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, ये संगठन आगे आकर बुज़ुर्गों के लिए बड़ी राहत लाते हैं।

## स्कारात्मक संदेश

इस सेवा कार्य ने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया है कि यदि सभी नागरिक और संस्थाएं मिलकर प्रयास करें, तो ज़रूरतमंदों के जीवन को सहज और सम्मानजनक बनाया जा सकता है।

## उपस्थित सदस्य

जय भोलेनाथ ग्रुप के संस्थापक मनोहर लाल शामनानी, जिए सिंध सेवा संगम की राष्ट्रीय अध्यक्ष संजना खत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष पायल कॉलोनी, सचिव पुष्पा चंचलानी, सहसचिव अनामिका खत्री, रोशनी नागपाल, वीना नागपाल, ज्योति चौहान, पूजा चौहान. उपस्थित रहे।



**बैठक** हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम व स्ट्रॉ रीपर का अनिवार्यत: उपयोग किया जाए

# नरवाई प्रबंधन के संबंध में कंबाइन हार्वेस्टर संचालकों की बैठक

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर बुधवार को कलेक्टर सभागृह में नरवाई प्रबंधन के सम्बन्ध में कंबाइन हार्वेस्टर संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद चौहान ने निर्देशित किया कि अभी फसल कटाई में पर्याप्त समय है अत: आप सभी स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। अपर कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि भविष्य में कोई भी हार्वेस्टर बिना एसएमएस अथवा स्ट्रा रीपर के यदि संचालित करता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अपर कलेक्टर के.आर.बडोले ने निर्देश दिए कि हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम व स्ट्रॉ रीपर का अनिवार्यत: उपयोग किया जाए, ताकि नरवाई को जलाने की आवश्यकता ही न पड़े। उपसंचालक कृषि नितेश कुमार यादव ने नरवाई प्रबंधन के अन्य उपायों के बारे में भी बताया और कृषि विभाग द्वारा संचालित ई-कृषि यंत्र पोर्टल के बारे में बताया।

बैठक में आजीविका मिशन से जिला कार्यक्रम प्रबंधक आनंद शर्मा भी उपस्थित थे। कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय से सहायक कृषि यंत्री अमित सोलंकी ने इस दौरान बताया कि कंबाइन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अथवा स्ट्रा रीपर दोनों में से किसी एक को चलाना अनिवार्य है। उन्होंने इस अवसर पर जेफार्म एप के बारे में भी जानकारी दी।



# दिव्यांग दिवस पर खेलकूद व अन्य प्रतियोगिताएं





**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** रायचंद नागड़ा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खंडवा में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गायन, चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, खेलकूद, दौड़, चेयर रेस जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

इस अवसर पर खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए खंडवा विधायक श्रीमती तन्वे ने कहा कि सरकार ने दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत सी योजनाएं प्रारम्भ की हैं। दिव्यांगों को शासकीय नौकरियों में आरक्षण की सुविधा दी गई है। दिव्यांगजनों को पेंशन तथा दिव्यांग विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी दी जाती है। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांगजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता दिव्यांग विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में दिव्यांग विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से मिशन अमृत संचय के तहत पानी बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत दीक्षित ने किया तथा आभार प्रदर्शन संध्या जाधव ने किया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीश कोटवाले एवं सेवादास पटेल सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# टिठिया जोशी से सिरपुर फाटे तक सड़क के लिए 82 करोड़ स्वीकृत

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा विधानसभा क्षेत्र में बाईपास एवं रिंग रोड की मांग की जा रही है, महत्वपूर्ण रूप से रूधी से देशगांव सड़क मार्ग कार्य निरंतर प्रगति पर है।**



टिठिया जोशी से सिरपुर फाटा तक लगभग 12 किलो मीटर बायपास सड़क मार्ग को लेकर विधायक कंचन तंनवे द्वारा मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के समक्ष बात रखी गई थी। मंगलवार की कैबिनेट बैठक में विकास कार्यों की श्रृंखला में टिठिया जोशी से सिरपुर फाटे तक सड़क मार्ग के लिए शासन से राशि रुपए 81 करोड़ 71 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। शीघ्र ही इसका टेंडर होकर निर्माण कार्य हो जाने के पश्चात विधानसभा क्षेत्र में यातायात सुगम होगा। इस स्वीकृति के लिए विधायक कंचन मुकेश तनवे ने क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री को धन्यवाद देते हुए आभार माना है।

# प्रांतीय संरक्षा दिवस एवं सप्ताह का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**मूंदी। श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना में आज दिनांक 3 दिसम्बर को प्रांतीय संरक्षा दिवस एवं सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसमें संरक्षा अधिकारी शैलेश चौहान ने पूरे सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।**

ये संरक्षा सप्ताह दिनांक 3 दिसम्बर से 9 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा एवं मुख्य अभियंता जे सी जूनवाल ने संरक्षा के प्रति जागरूक होने के लिए सभी अधिकारी कर्मचारियों को जानकारी दी, मुख्य अभियंता महोदय ने बताया कि संरक्षा सिर्फ फॉर्मेलिटी का नाम नहीं बल्कि इसे हमें अपने व्यक्तित्व में भी ढालना होगा तभी हम एक सुरक्षित राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।

इसी के साथ अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके साहू, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुभाष गुप्ता एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आर एस अलावा ने भी संरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की हेतु संदेश दिया। अंत में संरक्षा अधिकारी विल्सन जाय लाकरा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव अरोरा, वी के मल्ल, एम के कोरी एवं सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। 4 तारीख को प्रशासनिक भवन के सामने सभी अधिकारी कर्मचारी एवं श्रमिकों में संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए कर्मचारियों द्वारा एक बहुत ही सुंदर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा।




